नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 21/2021

Dt- 07-01-2021

प्रधान सचिव,

जल संसाधन विभाग,

बिहार, पटना।

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र झंझारपुर के प्रखंड झंझारपुर एवं लखनौर के दो महत्वपूर्ण मार्गो के मध्य नहर पर पुल का पुनर्निर्माण के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर के लखनौर एवं झंझारपुर प्रखंड के दो महत्वपूर्ण सड़कों के मध्य नहर पर अवस्थित पुल जर्जर होने से यातायात परिचालन में कठिनाई हो रही है। पुल के क्षतिग्रस्त होने से नहर के दोनों ओर बसे गाँवों का सम्पर्क भंग होने का डर बना रहता है। किसी भी समय हादसा होने की संभावना बनी रहती है। जनहित में निम्नलिखित दोनों पुल का जीर्णोद्धार कराना नितांत आवश्यक हैं:–

1. लखनौर प्रखंडान्तर्गत लखनौर से दीप जाने वाली पथ में देवही टोल के बाद कोशी नहर पर अवस्थित पुल।
2. झंझारपुर प्रखंडान्तर्गत विंदेश्वर स्थान से कोठिया जानेवाली पथ में हैठीवाली मंदिर से पहले कोशी नहर पर अवस्थित पुल।

अतएव अनुरोध है कि उक्त दोनों पुल का पुनःर्निर्माण कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

नव वर्ष की मंगलकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 7·1·2021

प्रधान सचिव का कोषांग
11 JAN 2021
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com